तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024

11 रामचरित मानस सिखाता हमें जीवन जीने की कला

12 लोगों के व्यवहार में आ रहा परिवर्तन हर गांव अब ..




## खबर संक्षेप

### श्री योग वेदांत परिवार ने मनाई शरद पूर्णिमा



**बालोद/सिकोसा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री योग वेदांत बालिका मानस परिवार बालोद का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच मनीषा ठाकुर एवं महिला मंडल ढिहिपारा चौरेल की सदस्य उपस्थित रहीं।

### विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी गई



**अंडा।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला अण्डा दुर्ग में डॉ. शैलेन्द्र सिंह ठाकुर आयुर्वेद चिकित्सक अधिकारी के द्वारा विद्यार्थी को आयुष पद्धति से उपचार, अच्छी जीवन शैली, कुपोषण, कृमिरोग, शरदऋतु चर्या, दिनचर्या, स्वच्छता से सम्बन्धित जानकारी दिया गया। नशा मुक्त अभियान चलाया गया। छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही छात्रों के हीमोग्लोबिन परीक्षण कर उन्हें दवा भी दी। बच्चों को अच्छे भोजन के साथ अच्छा विचार रखने की सलाह दी गई। डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने विद्यालय परिसर में लगे पौधों की जानकारी देकर उसके आयुर्वेदिक लाभों से भी बच्चों को परिचित कराया।

### बच्चों को प्रायोगिक सामग्री की कराई पहचान

**देवरीबंगला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेरथा बाजार में शुक्रवार को प्रयोगशाला में विज्ञान प्रायोगिक सामग्री का प्रदर्शनी लगाकर माध्यमिक शाला के कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के बच्चों को प्रयोगशाला ले जाकर प्रयोग शाला में उपयोग होने वाले प्रायोगिक सामग्री से परिचय कराया गया ताकि बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति रूचि बढ़ सके। साथ में विषय शिक्षक एच.के गजभिए, कुमारी नीलम देवांगन, रागनी देवांगन एवं विज्ञान सहायक एके चौहान द्वारा सामग्रियों के उपयोग के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया गया।

### दानपेटी की चोरी

**भिलाई।** भट्ठी थाना अंतर्गत सर्वेश्वर धाम मंदिर सेक्टर-4 ए मार्केट में बीती रात चोरी हो गई। अज्ञात चोर मंदिर के मुख्य द्वारा का ताला तोड़कर मंदिर के अंदर घुसा। इसके बाद अंदर रखी 7 दान की पेटियों से करीब 50 हजार रुपए नगद ले भागा।

## व्यवस्था

### नगर के सदर बाजार में बढ़ी लोगों की भीड़

# करवा चौथ और दीपावली के लिए बाजार हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय से लेकर ब्लाक मुख्यालयों में लोगों द्वारा करवा चौथ और दीपावली पर्व की खरीदारी खूब की जा रही है। मुख्यालयों में खरीदी करने वालों की भीड़ लगातार बढ़ते क्रम पर है और आने वाले एक सप्ताह के भीतर भीड़ इससे भी कही ज्यादा रहेगी।

दीपावली पर्व महज 10 दिन शेष रह गया है। पर्व को लेकर जिलेवासियों में अभी से काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं जिला मुख्यालय के बाजार में रौनक बढ़ते ही जा रहा है। सदर बाजार में भीड़ बढ़ने के साथ दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। खरीदी बिक्री करने लोग दुकान पहुंच रहे हैं। विदित हो कि आगामी 29 अक्टूबर को धनतेरस है, वहीं 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी है, जबकि 31 अक्टूबर को माता लक्ष्मी पूजा यानी दीपावली का त्यौहार है। इसके बाद गोवर्धन पूजा और भाईदूज का पर्व। इस तरह से धनतेरस से लेकर भाईदूज तक पूरे पांच दिन त्यौहार से भरा हुआ रहेगा, जिसका उत्साह लोगों में अभी से देखने को मिल रहा है। जिला मुख्यालय में कपड़े, सोने-चांदी, बर्तन, किराना दुकान सहित अन्य दुकानों में भीड़ बढ़ने लगी है। इन दिनों पेंट की दुकानों में काफी भीड़ देखने को मिल रहा है। लोग घरों की साफ-सफाई और लिपाई पोताई के काम में जुट गए हैं। इसके चलते पेंट दुकानों में काफी भीड़ देखने को मिल रही है। इसके साथ ही बाजार में जगह-जगह रंगोली की दुकानें सजी है, जहां विभिन्न रंगों की रंगोली की बिक्री हो रही है। इधर बाजार में मिट्टी के दिये कई अलग-अलग आकर्षक रूप में बिक्री हो रहे हैं। दीपावली पर्व में मिट्टी के दिये की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।



### त्योहारी सीजन में सदर रोड पर लग रहा जाम

**बालोद।** दीपावली के नजदीक आते ही जिले के मुख्य मार्गों में आवाजाही बढ़ गई है। आगामी 10 दिनों बाद दीपावली पर्व की शुरुआत धनतेरस के दिन से शुरू होगी, जिसके कारण सुबह से देर रात तक छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन जिला मुख्यालय से हो रहा है। सड़क में आवागमन अधिक होने और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का खामियाजा भी लोग भुगत रहे हैं। इन दिनों त्यौहार सीजन होने के कारण सड़क में भीड़ अधिक बढ़ गई है। इस भीड़ के बीच कई लोग लापरवाही पूर्व तेज रफ्तार में वाहन चला रहे हैं, जिसके कारण रोजाना छोटी छोटी सड़क हादसे हो रहे हैं। जिला मुख्यालय के सबसे भीड़भाड़ वाले मार्ग सदर रोड में आए दिन सड़क जाम की स्थिति बनती है, लेकिन वर्तमान में त्यौहारी सीजन होने के कारण स्थिति और भी खराब है। मालवाहक वाहनों के साथ ही चार पहिया वाहन चालकों द्वारा भी लापरवाही बरती जा रही है और जिस स्थानों में चारपहिया वाहन के आवागमन में काफी समस्या होती है, वहां भी गाड़ियों को लेजाया जा रहा है, जिसके चलते बाइक सवारों व पैदल चलने वालों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। त्यौहार सीजन होने के कारण व्यापारी भी हर साल की तरह इस साल भी दुकान के सामने सड़क अतिक्रमण कर दुकान सजाए हुए हैं, जो ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल होने का एक प्रमुख कारण है।

### यातायात विभाग जुटा व्यवस्था बनाने में

**बालोद।** जिले के व्यातायात विभाग ने दीपावली पर्व के मद्देनजर यातायात व्यवस्था, बाजार व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए व्यापारियों, दुकानदारों की बैठक कार्यालय में हुई। बैठक के दौरान बालोद शहर के व्यस्त मार्ग जैसे घड़ी चौक से सदर बाजार, बुधवारी बाजार एवं मधुचौक में मालवाहक वाहनों के प्रवेश समय प्रातः 10.30 से रात्रि 08.30 बजे तक निषेध किया गया है। शहर के सी मार्ट, बाल मंदिर स्कूल, कन्या शाला स्कूल, पुराना नगर पालिका में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की पार्किंग के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इस मीटिंग के दौरान व्यापारियों को रात्रि 8.30 बजे के बाद एवं प्रातः 10.30 बजे के पूर्व तक सदर बाजार क्षेत्र में मालवाहक वाहनों से समानों के लोडिंग–अनलोडिंग करने हेतु निर्देश दिया गया है। व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि अपने दुकानों के सामने चारपहिया वाहनों की पार्किंग न करने दे एवं दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगावे साथ ही एक कैमरा का फोकस रोड़ में करने आग्रह किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की घटना–दुर्घटना होने की स्थिति महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किया जा सकें। पुलिस प्रशासन बालोद द्वारा अपील की गई कि वाहन चालक निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही अपने वाहनों की पार्किंग करें




एवं व्यापारीयों, दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से सामान फैलाकर व्यवसाय नहीं करें। साथ ही अपने दुकानों के सामने पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रखने की हिदायत दी गई। मीटिंग में सोहन लाल जैन, राजू पटेल, प्रवीण टीनखेडे, पूनमचंद गुप्ता, पवन बाफना, दीपक साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, चितरंजन सोनी, धरम टाटीया, रेखचंद देवांगन, भवानी शंकर शर्मा, हरजीवन दास, गुप्ता बर्तन भंडार एवं गुड्डा गैरेज संचालक, अन्य व्यापारीगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सतनामी समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुंदा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 सितंबर की रात्रि डॉक्टर और वार्ड बॉय के साथ मारपीट करने वाले एक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से सतनामी समाज में आक्रोश है। समाज ने एक हफ्ते में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर व वार्ड बाय से मारपीट का मामला

जानकारी के अनुसार समाज के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर व वार्ड बॉय के साथ मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी सन्नी तिवारी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। इस संबंध में समाज ने अर्जुंदा थाना प्रभारी प्रदीप कंवर को ज्ञापन सौंपा है। एक सप्ताह में गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। समाज के लोगों ने कहा कि 13 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा में विधायक कुंवर सिंह निषाद व उनके कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में आग लगाने की बात कहते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी विनोद जायसवाल के साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया। जिला सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने अर्जुंदा स्थित विधायक कार्यालय पहुंचे और चर्चा की।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहर, जिला सतनामी समाज अध्यक्ष संजय बारले, तहसील सतनामी समाज अर्जुंदा के अध्यक्ष पुनारद गेन्ड्रे, दिलीप देशलहरें, ललित कुमार जोशी, अमृत बघेल, अलख कुर्रे, नेमीचंद मंडले, रूपेश मंडले, डोंडी लोहरा अध्यक्ष धनेश बघेल,जिला कोर कमेटी सदस्य चंद्रकुमार देशलहरा, गुंडरदेही अध्यक्ष नीलकंठ टंडन, यु.आर.बराहेन ,बालाराम कोसरे, अश्वनी बंजारे, पंचराम कुर्रे, संतराम कुर्रे, राम मंडले, परसराम मंडले, संतु कुर्रे, तारकेश्वर प्रसाद मंडले सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

# पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नगर के राजीव भवन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के संबंध में समस्त कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को अभी से सभी वार्ड में युद्ध स्तर पर भिड़ जाने का आव्हान किया। विधायक ने भाजपा सरकार के दस माह के कार्यकाल पर चर्चा की एवं कांग्रेस और भाजपा के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। पूरे विधानसभा में स्वीकृत कार्यों को रोकने का आरोप भी भाजपा सरकार पर लगाया।

- विधायक संगीता ने राजीव भवन में ली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

कार्यक्रम को यज्ञदेव पटेल, पूर्षोत्तम पटेल, संजय चंद्राकर, रामजी भई पटेल, कल्याणी चंद्राकर, धनेश्वरी सिन्हा, रविप्रकाश यादव, मुरलीधर भुआर्या, गजेंद्र भेंडिया संबोधित करते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी। मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण कार्य को पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा ज़िम्मेदारी से पूरा करने का एवं आरक्षण पश्चात योग्य उम्मीद्वार चयन कर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को जीतने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन चंद्रेश हिरवानी ने एवं आभार प्रदर्शन चिदाकाश आर्य ने किया। उक्त बैठक में प्रेमचंद क्षिरसागर, खेमरज पूरी गोस्वामी, अश्वनी साहू, माधव डडसेना, रामचंद्र धृतलहरे, नंदूराम, दशरथ सिन्हा, प्रेमलाल गवालवंशी, नीलम कुमार साहू, इंसान निषाद, मोहनीश पार्कर, भूषण श्रीवास्तव, पुराणिक साहू, योहैन प्रधान, हेमंत कुमार यादव, देवकुमार, पटेल, राकेश उईके, ऐनुरम साहू, उदय अरेंद्र, मुरारी लाल सूखतेल, रविशंकर कोटेंडरा सहित कांग्रेस परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### किसान धान खरीदी केंद्रों में तत्काल पंजीयन कराएं

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण एवं राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीईओ धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को फोन व पत्राचार के माध्यम से निर्देश दिया और कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ हो रहा है इसके मद्देनजर किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो उसको देखते हुए जिन किसानों का पंजीयन अभी तक नहीं हुआ है उसको तत्काल पंजीयन कराए और जिन किसानों का राजस्व संबंधित प्रकरण लंबित है जिनका ऋण पुस्तिका नहीं बना हुआ है उसे तत्काल प्रभाव में लेते हुए उस समस्या को हल करें और पंजीयन कराएं। समय से पहले किसानों का धान खरीदी केंद्र में पंजीयन कराना सुनिश्चित करें जिससे किसान अपना धान समिति के माध्यम से बेच सके। एवं धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# आनलाइन ठगी से बचाने व साइबर सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में छात्र - छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचने एवं साइबर सुरक्षा संबंधी जागरुकता प्रदान करने के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजन साइबर क्राइम जागरूकता अभियान थाना गुण्डरदेही के अंतर्गत साइबर प्रहरी द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में आरक्षक सुमीत पटेल थाना गुण्डरदेही ने छात्र–छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं क्राइम संबंधी जानकारी प्रदान किया। व्याख्यान के दौरान आरक्षक सुमीत पटेल द्वारा छात्र–छात्राओं को अंजान लिंक से दूर रहने, बैंक खाता का विवरण न देने, महतारी वंदना योजना के नाम पर ठगी, अपने मोबाइल को हमेशा लॉक करके सुरक्षित रखने इत्यादि विभिन्न जानकारी दिया गया।

### सावधान रहें और बचें

श्री पटेल ने बताया कि सावधानी एवं सतर्कता रखने पर साइबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। साइबर धोखाधड़ी होने पर टोल फ्री नंबर 1930 में तत्काल संपर्क करने का सुझाव दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने साइबर ठगी संबंधी अपने अनुभव साझा किया तथा सुमीत द्वारा छात्र–छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और कैट सीजी चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन सहित अन्य सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी साथ ही उनके दीघायु जीवन की कामना की। प्रतिनिधिमंडल में कैट सीजी चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- परमानंद जैन आदि शामिल रहे।

### पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री की जाए अनिवार्य

**रायपुर।** रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री को अनिवार्य करने की मांग की है।

### उर्स में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** हजरत सैय्यद शेर अली आगा रहमतुल्लाह अलैह का हर साल की तरह इस साल 43वां उर्स पाक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए न्योता दिया गया है।

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें शामिल



**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें शामिल हुईं। स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर एवं आईपी वर्मा सहायक क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायपुर थे। इस अवसर पर सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सर्व आदिवासी समान के सदस्यों ने गुरुवार को राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह से मुलाकात की। सदस्यों ने हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग की। अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह से मुलाकात करने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बीएस रावटे, अकबर राम कोर्राम, गोंड महासभा अध्यक्ष विनोद कुमार नागवंशी, प्रदेश सचिव जिवराखन मरई, प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर और सोनडोंगरी में 1 करोड 48 लाख रुपए के स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि कबीर नगर में अधोसंरचना मद से आंतरिक व मुख्य मार्ग में खराब हुए मार्गों का जल्द डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। भोजनगर, सीता नगर में सीसी रोड नाली निर्माण और सोनडोंगरी के दुर्गा चौक से यादव मोहल्ला तक नाली निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद घनश्याम छत्री, संत कबीर दास वार्ड पार्षद नारद कौशल, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैक मिलन साहू, जोन कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए शिक्षकों को पढ़ाने लगी कार्यशाला

## आठवीं के छात्र-छात्राओं को गणित व विज्ञान पढ़ाएंगे प्रशिक्षित शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुंडरदेही के तत्वावधान में विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला के विज्ञान एवं गणित पढ़ने वाले शिक्षकों को कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य सूची परीक्षा में विकासखंड के आठवीं कक्षा में अध्यनरत बच्चों को अधिक से अधिक परीक्षा में शामिल करने तैयारी सुनिश्चित करना रहा।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव द्वारा इस परीक्षा में बच्चों के भाग लेने से होने वाले लाभ के विषय में बताते हुए भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति बच्चों के दृष्टिकोण में परिवर्तन की बात बतायी गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराते हुए चयन सुनिश्चित करवाना है। कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मर्कले भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने से उनके अंदर प्रतियोगी भावना का विकास होता है।

**ये रहे उपस्थित :** इस कार्यशाला में विकास कुमार कोसरे, सुरेश चंद्राकर, आर विजयलक्ष्मी एवं संकुल समन्वयकों मेनसिंह साहू द्वारा शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया, कार्यशाला मे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक किशोर साहू उपस्थित थे।



### एनएमएमएस परीक्षा के पाठ्यक्रम के बारे में बताया

कार्यशाला में शिक्षकों को एनएमएमएस परीक्षा के पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। परीक्षा के पैटर्न को भी समझाया गया। बच्चों में समय प्रबंधन करते हुए गणित के प्रश्नों को आसानी से हल करने के तरीकों को समझने का प्रयास किया गया। विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं, इस पर भी शिक्षकों से चर्चा की गई। कार्यक्रम में शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोटिया पवन सिंह द्वारा अपने अनुभव के आधार पर शिक्षकों को परीक्षा की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

## सह प्रभारी सचिव जांगिड़ ने शहर जिला कांग्रेस की ली बैठक

# चुनावी मोड में कांग्रेस, दक्षिण के वार्ड प्रभारियों की बैठक में दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कांग्रेस संगठन चुनावी मोड में आ गया है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने सभी को चुनाव में जुटने का अव्हान किया। जांगिड़ ने सभी वार्ड प्रभारियों से वहां पर किए गए अब तक कार्यों की जानकारी ली। वहीं चंगोराभाठा वार्ड में प्रभारी विकास उपाध्याय की जगह पर यहां नए प्रभारी के रूप में सुरेश ठाकुर और दीपक मिश्रा की नियुक्ति की गई है। दक्षिण विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के सभी सक्रिय पदाधिकारी और शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे भी इसमें शामिल हुए।

सह प्रभारी ने कहा, सभी वार्ड में बूथ कमेटियों के माध्यम से कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं। आज की बैठक चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार के संबंध में सभी कांग्रेस नेताओं को निर्देश दिए गए। कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से कहा गया कि उप चुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं। जनता के बीच जाकर कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य कारनामों को रखें। क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दें। बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने क्षेत्र के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## उपचुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं



### आज वरिष्ठ नेताओं की बैठक

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भी चुनाव में सक्रियता के साथ जुटने की रणनीति बनाई जाएगी। सह प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कांग्रेस के चुनाव की रणनीति के साथ यहां पर चुनाव में जीत दर्ज करने के संबंध में चर्चा करेंगे। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के पार्षद, छाया पार्षद, बूथ अध्यक्ष और ब्लॉक कमेटी के अध्यक्षों की अलग से बैठक लेकर उन्हें चुनाव में अपने-अपने वार्ड में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई जाएगी।

### कांग्रेस के दावेदारों में राजीव भी

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से आधा दर्जन से अधिक दावेदार सामने आए हैं। इनमें इस क्षेत्र के सक्रिय पार्षद और कुछ वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कुछ ऐसे नाम भी हैं, जो पहले यहां से चुनाव लड़ चुके हैं, वे भी दावेदार के रूप में सामने आए हैं। कुछ नेताओं ने दिल्ली जाकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मिलकर यहां से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कांग्रेस संगठन ने भी आंतरिक सर्वे कराया है, उसके आधार पर ही टिकट का फैसला होगा। यहां से कांग्रेस के दावेदारों में प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, सुशील सन्नी अग्रवाल, आकाश शर्मा, सतनाम पनाग और राजीव वोरा के नाम चर्चा में हैं।

# कस्टम मिलिंग कर जमा नहीं कराया चावल खाद्य विभाग ने मिलरों पर कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- रायपुर, रायगढ़ और बिलासपुर में की गई कार्रवाई
- 28 तक मिलरों को जमा करना है कस्टम मिलिंग का चावल

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग का चावल समय पर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध खाद्य विभाग ने नकेल कसनी शुरू कर दी है। विभाग ने पूरे प्रदेश में राइस मिलों में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, जशपुर और अन्य जिलों में कई राइस मिलरों के ठिकानों पर छापे मार कर चावल जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। विभाग पिछले साल के मिलरों के चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की जानकारी लेकर उनसे चावल राजसात कर रहा है।

बताया गया है कि शासन के निर्देश के अनुसार रायपुर जिले में राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग का चावल 28 अक्टूबर तक जमा करना है, लेकिन अभी भी कई मिलर 60 से 70 प्रतिशत ही चावल जमा कर पाए हैं। ऐसे में शेष चावल को आगामी 10 दिनों के भीतर मिलरों को जमा कराना है। इसी क्रम में कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की सूची तैयार की गई है। इस सूची के अनुसार राइस मिलरों को समय सीमा में शत-प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन जिलों में की गई कार्रवाई

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में कृष्णा फूड्स राइस मिल में एक हजार क्विंटल से अधिक धान एवं 377 क्विंटल चावल की जब्ती बनाई गई है। रायगढ़ जिले में चावल जमा नहीं करने वाले पांच राइस मिल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पांच राइस मिल संचालकों ने नोटिस के बाद भी चावल जमा करने पर बंसल उद्योग, मंगल ग्रेनस, इसमुंडा राइस मिल, श्री राम राइस मिल और मां दुर्गा फूड्स प्रोडेटेट की अमानत राशि राजसात करने की कार्रवाई शुरू की गई। बिलासपुर में कस्टम मिलिंग के चावल को तय समय में जमा नहीं करने पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राइस मिल में गड़बड़ी पाए जाने के बाद विभाग ने 85 लाख रुपए के 3 हजार 400 क्विंटल धान को जब्त किया है।

### पिछले वर्ष 25 मिलरों ने 1166 टन चावल नहीं किया जमा

बताया गया है कि रायपुर जिले में पिछले वर्ष कस्टम मिलिंग का 1166 टन चावल 25 मिलरों ने जमा नहीं किया हैं। विभागीय टीम ने इसे लेकर कुछ मिलरों के यहां दबिश भी दी थी। इस दौरान साढ़े तीन हजार क्विंटल चावल बरामद किया गया था। इन मामलों में जिला विपणन विभाग द्वारा राइस मिलरों से चावल के बदले राशि की रिकवरी की जा रही है। इसके तहत बैंक गारंटी जब्ती के अलावा मिलरों के बिलों में रिकवरी की राशि समायोजित की जा रही है।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सोशल मीडिया का हो अधिक उपयोग : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सचिव ने ली जनसंपर्क विभाग की समीक्षा बैठक
- समाचार माध्यमों को तुरंत जानकारी उपलब्ध कराएं

जनसंपर्क विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा है कि कहा कि लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर सूचना क्रांति का है, ऐसे में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। जनसंपर्क अधिकरियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को त्वरित रूप से समाचार उपलब्ध कराएं।

श्री दयानंद ने यह बात गुरुवार को नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा- राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए।

### सरकार की योजना से आ रहा है बदलाव

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। पिछले 10 माह में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेक फ्लैगशिप योजनाएं शुरू की हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।



### ऐसी हो समाचार की भाषा शैली

श्री दयानंद ने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक और पठनीय होनी चाहिए। सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन आए बदलाव के बारे में तथ्यपरक जानकारी और सुसंगत फोटोग्राफ का उपयोग किया जाए। राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं और नवाचारी कार्यों के संबंध में समय-समय पर विशेष लेख नियमित रूप से जारी किया जाए। नगरीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स नगरीय क्षेत्रों में लगाए जाएं और इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं की होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों और जनपद पंचायतों के परिसर में लगाए जाएं। बैठक में संचालक जनसंपर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य, हर्षा पौराणिक सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएड-बीएड अभ्यर्थी आज नेशनल हाईवे पर करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 33 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती सहित 7 सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी लंबित मांगों को लेकर 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती की मांग को लेकर प्रशिक्षित अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 31 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि 18 अक्टूबर तक उनकी मांग पूरी नहीं होने पर वे 19 तारीख को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है 7 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी 21 सितंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन द्वारा मांगों की अनदेखी से नाराज अभ्यर्थी अब 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने सड़क पर उतरेंगे।

### प्रमुख मांग इस तरह

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय व विषय के पद सम्मिलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी की छूट प्रदान करने की मांग।
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी में पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

# महिला ने पति के खिलाफ लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बच्चा नहीं होने, किसी दूसरी औरत के साथ प्रेम प्रसंग के कारण प्रताड़ना का आरोप

टिकरापारा थाना क्षेत्र के मठपुरैना, गोकुल नगर निवासी एक 45 वर्षीय महिला ने अपने पति तथा ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया है। महिला ने अपने पति तथा ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है।

महिला ने एसएसपी कार्यालय में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक मोहम्मद के साथ उसका निकाह 24 वर्ष पूर्व धार्मिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। कई वर्षों तक संतान नहीं होने पर महिला को उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। मेडिकल कराने के बाद पति में कमी होने की वजह से बच्चा नहीं होने की पुष्टि हुई। महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसके पति का पंडरी में किसी अन्य महिला के साथ संबंध है, जिसकी वजह से महिला को उसका पति प्रताड़ित कर रहा है।

महिला ने अपने पति पर जेवर तथा संजय नगर स्थित मकान बेचकर पंडरी की महिला को देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला ने अपने पति के खिलाफ टिकरापारा के साथ महिला थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है।

### ग्रीस की शिफ्टिंग द फ्यूचर कार्यशाला में भाग लेंगे डॉ. चंद्राकर



**रायपुर।** डॉ. नीरज चंद्राकर को ग्रीस के एथेंस में एसएचआईएफटी (शिफ्टिंग द फ्यूचर) कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसमें दुनियाभर के 28 प्रोफेशनल दंत चिकित्सक और गैर-दंत चिकित्सक शामिल हैं। वे एफएलआईपी (फ्यूचर लीडर ऑफ प्रोस्थोडोंटिस्ट) सदस्यों में से 4 प्रोस्थोडॉन्टिस्ट में से एक हैं, जिन्हें इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। आमंत्रित किए गए प्रतिष्ठित लोगों में चार्ल्स गुडाक्रे (पूर्व डीन, लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री), रॉबर्ट फेएला (पूर्व अध्यक्ष, अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन और अमेरिकन बोर्ड ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी के निदेशक), थॉमस कोल (एमआईटी से मैकेनिकल इंजीनियर, अटलांटिस कंपोनेंट्स के सह-संस्थापक), रैलीन सैमब्रुक, श्रीनिवास कोका (पूर्व डीन, मिसिसिपी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री) और कई अन्य शामिल हैं।

# बाल संरक्षण विभाग की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बाल विवाह की प्रथा खत्म हो चुकी है। ऐसा करने वाले परिवारों के विरुद्ध सख्त कानून भी बना हुआ है, लेकिन इसके बाद भी कुछेक परिवार ऐसे हैं, जो कानून की परवाह किए बगैर बच्चों का बाल विवाह कराने का प्रयास करते हैं। रायपुर जिले के धरसींवा ब्लॉक के मटिया गांव में ऐसे ही दो परिवार अपने बच्चों का बाल विवाह कराने वाले थे। इसकी सूचना मिलते ही बाल संरक्षण विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर इस बाल विवाह को रुकवाया और दोनों परिवारों को समझाइश दी। विभागीय अधिकारियों को सूचना मिली कि ग्राम मटिया में एक 15 वर्षीय लड़की का 16 वर्षीय लड़के के साथ बाल विवाह कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लड़का मटिया गांव का ही रहने वाला था, वहीं लड़की किसी दूसरे गांव की निवासी है। इन दोनों के परिवारों ने आपसी रजामंदी से इनका रिश्ता तय किया था। रिश्ता तय होने के बाद इनके विवाह की सारी तैयारी लड़के के गांव में की जा रही थी। शादी के दिन ही टीम को इस बाल विवाह की सूचना मिली थी। शादी शाम को थी, लेकिन टीम ने दोपहर में गांव पहुंचकर इस विवाह को होने से रुकवाया लिया।



## 15 फरवरी से आजाद हिन्द एक्सप्रेस से यात्रियों को मिलेगी नए कोच की सुविधा

# आजाद हिंद में लगेंगे एलएचबी कोच, रायपुर से पुणे और हावड़ा का सफर होगा आरामदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद हिंद एक्सप्रेस के यात्रियों को भी अब एलएचबी कोच से यात्रा करने की सुविधा तीन महीने बाद मिल सकेगी। एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच को सुरक्षित माना गया है। सामान्य कोच की अधिकतम गति 110-130 किलोमीटर की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाइन किए गए हैं। आईसीएफ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इसमें हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है, वहीं दाएं-बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है। 12129/12130 पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस सहित रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी-रीवा एक्सप्रेस और हुजूर साहिब नान्देड-सांतरागाछी-हजूर साहिब नान्देड एक्सप्रेस में पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा देने का फैसला लिया गया है। यह सुविधा 12129 में 15 फरवरी से वहीं 12130 में 17 फरवरी से मिलने लगेगी।

### महाकुंभ मेला में जोन की दो जोड़ी ट्रेनों का रहेगा ठहराव

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 10 जनवरी से 28 फरवरी तक महाकुंभ मेला-2025 का आयोजन किया जा रहा है। कई स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। जिनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दो जोड़ी ट्रेन भी शामिल हैं। नौ जनवरी से 27 फरवरी तक 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस नैनी स्टेशन, 11 जनवरी से 22 फरवरी 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस भी नैनी स्टेशन में दो मिनट के लिए ठहरेगी। इसी तरह 12 जनवरी से 25 फरवरी 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस का शिवरामपुर व भरतकूप स्टेशनों में दो-दो मिनट ठहरेगी। वापसी में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस भी इतने समय तक स्टेशन में ठहरा करेगी।

### अब काटोल स्टेशन में ठहरेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18237/18238 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के काटोल रेलवे स्टेशन में ठहराव दिया गया है। इसी तरह 11040/11039 गोंदिया-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस का मध्य रेलवे के पुणे रेल मंडल अंतर्गत पुनतांबा रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी जा रही है। यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छह माह के लिए रहेगा। कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का काटोल रेलवे स्टेशन में 23:07 बजे पहुंचकर 23:08 बजे रवाना होगी। वापसी में अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का काटोल रेलवे स्टेशन में रात 12:01 बजे पहुंचकर 12:02 बजे छूटेगी।

### 20 तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी सारनाथ एक्सप्रेस

रेलवे के अनुसार 17 से 20 अक्टूबर तक 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग और वापसी में 18 से 21 अक्टूबर तक इसी परिवर्तित मार्ग चलकर गंतव्य तक पहुंचेगी। 17 अक्टूबर को 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जफराबाद-सुल्तानपुर-अयोध्या मार्ग होकर चलेगी। वापसी में 19 अक्टूबर को इसी मार्ग से चलेगी।

श्री
।। पितृ कृपा ।।
बालाजी मार्बल
SB MARBLES
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट मार्बल टाईल्स कोटा स्टोन तुलसी चौरा मार्बल मंदिर

## खबर संक्षेप

### पुनारद बने सतनामी समाज के अध्यक्ष



**अर्जुंदा।** अर्जुंदा तहसील बने के पश्चात परिसीमन किया गया और अर्जुंदा तहसील सतनामी समाज का गठन किया गया। जिसमें जीवन बांधे को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था, जिसके कार्यकाल समाप्ति के पश्चात पुनः पदाधिकारी का गठन किया जाना था जिस पर जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन के पश्चात अर्जुंदा तहसील सतनामी समाज कार्यालय में परीक्षेत्री सामाजिक बंधुओं का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें पदाधिकारी चयन संबंधी चर्चा किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से नगर अर्जुंदा निवासी पुनारद गेण्ड्रे को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया साथ क्योंकि गेण्ड्रे जी पुराने सामाजिक कार्यकर्ता व संरक्षक रहे हैं। इनके साथ ही महासचिव पद के लिए अशोक चंदेल, उपाध्यक्ष पद के लिए महावीर चंदेल कोषाध्यक्ष उधोराम बराहेन, संगठन सचिव रविटंडन, इसके साथ ही कोरकमेटी सदस्य दिलीप देशलहरा संगठन सचिव, कार्यालय प्रभारी, ढालसिंह गायकवाड, धनेश गेण्ड्रे , कांति गेण्ड्रे, अश्वनी बंजारे, कामता कुर्रे, प्रकाश जोशी, पुरुषोत्तम मंडले, राजकुमार मारकंडे व अन्य पदाधिकारी चुने गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को तहसील अर्जुंदा सतनामी समाज के द्वारा बधाई ज्ञापित किए गए हैं।

### शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन 10 नवम्बर को

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय निर्वाचन एवं महासभा की बैठक का आयोजन ग्राम धुंचापाली बागबाहरा में 10 नवंबर को किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार आगामी 9 नवंबर को रात्रि में प्रांतीय महासभा की बैठक 10 नवंबर को मतदान निर्वाचन को होना तय हुआ है। 9 नवंबर को सुबह प्रस्थान करे दिनभर भ्रमण कर संध्या तक घुंचापाली पहुंचे। साथ ही जो भी सदस्य नामांकन दाखिल करेंगे और प्रांतीय महासभा के सदस्य नहीं है उन्हें वे अपनी सदस्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपने जिले के जिलाध्यक्ष/ सचिव से प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना होगा। जो प्रांतीय परिषद के सदस्य है उन्हें केवल आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना होगा 109 नवम्बर को शाम प्रांतीय महासभा की बैठक होगी उसमे प्रांत द्वारा निर्धारित प्रारूप में परिचय पत्र लेकर आना होगा तभी अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा। वहीं परिचय पत्र मतदान के समय भी प्रस्तुत करने की अनिवार्यता होगी ।उक्त बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। परिचय पत्र की आवश्यकता प्रांतीय पदाधिकारियों को नहीं होगी। उक्त जानकारी प्रांत द्वारा प्रमुख निर्वाचन अधिकारी सुधीर गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी वायके दिल्लीवार, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र सिंह चौहान ने दी।

### दुकानों की प्रीमियम जमा करने चेतावनी

**दुर्ग।** गंज मंडी के दुकानों का आबंटन शुरू कर दिया गया है। दुकानों का टेंडर पश्चात प्रीमियम राशि जमा करने पत्र भेजा गया है। जिसमें अतिशीघ्र प्रीमियम जमा करने कहा गया हैं।

## निधन

### रमेश कुमार शांडिल्य



**गुरूर।** ग्राम पलारी निवासी रमेश कुमार शांडिल्य का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रेखा बाई सेन के पति व भूपेन्द्र कुमार सेन के पिता थे।

## आयोजन

### भनसुली आर में हुआ शरदोत्सव मानस संगोष्ठी का आयोजन

# रामचरित मानस सिखाता हमें जीवन जीने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मानस शक्ति केंद्र बेल्हारी के तत्वावधान में शरदोत्सव मानस संगोष्ठी का आयोजन ग्राम भनसुली आर में हुआ। अतिथि धर्म मर्मज्ञ गौतम चंद जैन, अध्यक्ष जिला मानस संघ दुर्ग मेहत्तर वर्मा, अध्यक्ष तहसील मानस संघ पाटन टीका राम साहू, गोवर्धन चंद्राकर, भुनेश्वर धीवर, ढाल सिंह चंद्राकर, भेलकुमार, डॉ. गुलाब साहू, उमाशंकर शुक्ला ने संतोष शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ भगवान् राम के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किए।

#### रामचरित्र मानस जीवन मूल्यों को समझती है

अतिथि गौतम चंद जैन ने कहा कि हम भगवान् राम के आदर्शों को आत्मसात करें। जीवन का आदर्श रूप सामने आना तय है। उन्होंने कहा कि हम भगवान को मानते हैं लेकिन जिस दिन हम आप भगवान का कहना मानना शुरू कर दें सतयुग का जीवन प्रगट हो जाएगा। मर्यादा विश्वास सत्य संस्कार की आज सख्त आवश्यकता है। विडंबना यही है हम भगवान राम को मानते है, लेकिन उनके संस्कार मर्यादा नहीं मानने से विश्वास निरंतर तूफानी गति से गिरते जा रहा है। रामचरित मानस हमें जीवन मूल्यों को समझकर जीना सिखाती है। इतना पावन पवित्र ग्रन्थ हम सबके पास आसानी से उपलब्ध है और हम दिशा भटक रहे हैं बहुत बड़ी विडंबना है। भगवान राम का माने घर परिवार समाज में संस्कार मर्यादा विश्वास की गंगा प्रवाहित होने लगेगी।

#### जीवन में चरित्र बड़ा अनमोल है

जिला मानस संघ दुर्ग अध्यक्ष मेहत्तर वर्मा ने मानस शक्ति केंद्र बेल्हारी के प्रयासों का सराहना करते हुए कहा कि गांव गांव में रामायण को गंगा की तरह प्रवाहित करने का सार्थक प्रयास कंठ मुक्त सराहनीय है। सभी राम के चरित्र को अपनाए जीवन सफल हो जाएगा। जीवन में चरित्र बड़ा अनमोल है, यदि चरित्र नहीं तो जीवन का कोई मोल नहीं है।

#### चरित्र को उज्ज्वल रखे जीवन निखर जाएगा

मानस संघ तहसील अध्यक्ष टीका राम साहू ने कहा कि जीवन में सत्संग बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसको जैसा संगत मिला ओ उसी रास्ता चल पड़ा। उन्हें भला बुरा का भान भी नहीं रह जाता है। अच्छे लोगों की संगति करें चरित्र को उज्ज्वल रखे जीवन निखर आएगा।



#### इनका सराहनीय सहयोग रहा

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम भनसुली के निवासी रामेष्ट मानस परिवार, नवज्योति महिला मानस परिवार, किसान युवा दुर्गोत्सव समिति, आदर्श युवा दुर्गा समिति, माँ चंडी गणेशोत्सव समिति, माँ सीतला सेवा समिति भनसुली आर का भरपूर सहयोग रहा। मानस शक्ति केंद्र बेल्हारी के संरक्षक गया राम साहू, संयोजक उमाशंकर शुक्ला, उपाध्यक्ष मति शकुन्तला चक्रधारी, योगेश निर्मलकर, सचिव उत्तम रिगरी नेवेन्द्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष धनेश्वर साहू प्रचार मंत्री दिलीप साहू, जानकी साहू आदि का विशेष सहयोग रहा।

#### शारद पूर्णिमा पर मानस मर्मज्ञों ने वाणी की अमृत वर्षा किए

रामेष्ट मानस परिवार भनसुली आर के व्याख्याकार ढाल सिंह चंद्राकर ने भगवान राम को शरद पूर्णिमा का चांद जिस प्रकार अपने पूरे कलाओं के साथ निखरता है वैसे ही श्रीराम की कथा है। प्रवक्ता वेद राम साहू जे रघुवीर प्रताप ते पर अपना विचार रखा। किंकर परिषद भिलाई के व्याख्याकार पीला राम शर्मा ने विनय न मानत जलधि जड़ का उदाहरण देते हुए श्री राम के आदर्शों को रेखांकित किया कि राम के साथ लक्ष्मण का होना जरूरी है। सनातन धर्म को वर्तमान से जोड़ते हुए रामायण की महिमा का वर्णन किया। मान सिंह पटेल ने लक्ष्मण मस्तूरिया का प्रसिद्ध गीत मनखे हु सियार होंगे भाव क साथ कि आज लोग कितने चारित्रिक रुप से गरीब हो गये हैं। संगीतकार गिरधारी साहू ने भी भजन प्रस्तुत किया। संगीतकार मिश्रा लाल चंद्राकर का लोकगीत जिसमें सफीन दास मानिक पुरी ने बांसुरी पर संगत किया। पं अविनाश शर्मा ने अपने भजन में विभिन्न रागों का समावेश कर श्रोताओं को बांधे रखा। मंच संचालन उमाशंकर शुक्ला, ओमप्रकाश वारदे, एमन पाटकर के द्वारा किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मी चंद्राकर थे, अध्यक्षता उप सरपंच मोरध्वज चंद्राकर ने किया। ग्राम पंचायत भनसुली आर सत्यवान धीवर सेवा निवृत्त चौकीदार भनसुली आर, चित्रंगद चंद्राकर सेवा निवृत्त शिक्षक भनसुली आर रहे।

# संस्कृति व रीति, रिवाज से बच्चे परिचित कराने म्यूजियम खोलने की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज. ▶▶| जामगांव आर

- आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर में पालक-शिक्षक बैठक संपन्न

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम शासकीय विद्यालय जामगांव आर में शासन के आदेश अनुसार मेगा पालक शिक्षक बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में बच्चों की तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी पालकों को बताया गया। घर में सीखने सिखाने में सहयोग करने की बातें रखी गई। समुदाय के सहयोग से एक म्यूजियम खोला जाए। जिसमें संस्कृति रीति रिवाज से बच्चे परिचित हो।

शासन के विभिन्न योजनाओं को और विद्यालय की उपलब्धियां पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने अवगत कराया। बैठक में ग्राम पंचायत जामगांव आर सरपंच राजकुमार ठाकुर, एसआई प्रताप सिंह ठाकुर थाना जामगांव आर, अंगेश्वर साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सेजस जामगांव आर, नरेश केला अध्यक्ष शासकीय महाविधालय, मनीष जैन, रूपेन्द्र शुक्ला विधायक प्रतिनिधि, सीता राम साहू, आशीष कोचर, अमृत चंद्राकर, उज्वल केला रोमल साहू , डॉ. गुलाब साहू की विशेष उपस्थिति रही। हिंदी एवं अंग्रेजी मीडियम स्कूल के समस्त शिक्षकों द्वारा विद्यालय के बेहतर संचालन, शिक्षा, संस्कार, खेल, अन्य गतिविधि व्यवस्था एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर उपस्थित पालकों से विचार एवं सुझाव लिए गए। सेजस जामगांव आर विद्यालय अंग्रेजी माध्यम प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा एवं समस्त शिक्षक गण, ग्राम एवं अंचल के पालक गणों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीलाक्षी मुखोपाध्याय और डीके साहू आभार प्रदर्शन हिंदी माध्यम के प्रभारी चेतना ठाकुर के द्वारा किया गया।

### ग्राम निपानी में श्रीराम कथा प्रज्ञापुराण ज्ञानयज्ञ का हुआ समापन

# दस अवतारों की श्रृंखला में भगवान राम व कृष्ण का विशिष्ट स्थान है : तामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम निपानी में 13 से 17 अक्टूबर तक पांच दिवसीय श्रीराम कथा प्रज्ञापुराण ज्ञानयज्ञ का रखा गया। जिसमें प्रथम दिवस क्षेत्र के महिलाओं ने पीतवस्त्र धारण कर मंगल कलशयात्र निकाली गई। ग्राम को भ्रमण करते हुए तालाब में वरुण देवता की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात प्रवचन मंच देवमंच में देव आवाहन किया गया।

कथावाचक गायत्री परिवार प्रज्ञापुत्र तामेश्वर गुरुजी ने श्रीराम कथा की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के आदर्शों को व्यावहारिक जीवन में मूर्तिमान करने वाले चौबीस अथवा दस अवतारों की श्रृंखला में भगवान राम और कृष्ण का विशिष्ट स्थान है। उन्हें भारतीय धर्म के आकाश में चमकने वाले सूर्य और चंद्र कहा जा सकता है। अपने पुण्य चरित्रें द्वारा जन साधारण को दिव्य मार्गदर्शन दिया है। रामायण के रूप में रामचरित्र और भागवत के रूप में कृष्ण चरित्र प्रख्यात है। व्यक्ति, परिवार व समाज निर्माण में राम का आदर्श अनुकरणीय है। विशेष रूप से रामकथा में रामजन्म, सीता स्वयंवर, वनगमन, ऋषि मुनियों का दर्शन, सीताहरण, एवं राक्षसों का नाश एवं रामराज्य की स्थापना पर बहुत ही सुंदर व्याख्या करते कहा कि वर्तमान समय में बिगड़ते वातावरण को सुसंस्कृत बनाने के लिए ऐसे सत्संग यज्ञीय आयोजन होना अति आवश्यक हो जाता है। 17 अक्टूबर अंतिम दिवस को पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व निशुल्क विभिन्न संस्कार संगीतमय प्रज्ञागीत भजनों के साथ यज्ञाचार्य राजेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा कराया गया।

जिसमें सबके सद्बुद्धि एवं सबके उज्ज्वल भविष्य के लिए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुति दी गई। ब्रह्मभोज के रूप में सत साहित्यों का वितरण किया गया। आयोजन में विशेष रूप से उपस्थिति में गायत्री परिवार जिला सहसमन्वयक दशरथ कलिहारी, ब्लॉक समन्वयक लोचन राम साहू, बालमुकुंद चन्द्राकर, दिलीप कुमार, बालकृष्ण सिन्हा, रामजी साहू, रामू सिन्हा, हरिश्चंद्र साहू, दयालु साहू, हुकुमचंद साहू, फगन चौधरी, नरेश कुमार साहू, दिनेश कुमार, हरि साहू, डामन लाल गजेंद्र, देवधर साहू, उदय साहू, विजय साहू, मानसिंग साहू, घनसू साहू, दीनदयाल, शंकर लाल साहू, बलवंत गुप्ता एवं आसपास से अधिक संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।

# पुलिस ने रात में किया कॉम्बिंग गश्त

- निगरानी व गुण्डा बदमाशों को गस्त के दौरान चेक किया

**बालोद।** आगामी दीपावली त्यौहार के पहले बालोद पुलिस ने रात्रि में कॉम्बिंग गश्त किया। शहर के जवाहर पारा, अटल आवास, खाल्हे पारा, नया पारा में जाकर संदिग्ध लोगों को चेक कर पुछताछ की गई। अपराधिक गतिविधियों में नहीं रहने हिदायत दी गई। बालोद के लॉज, ढाबा, हॉटल की सघन चेंकिग की गई। दीगर जिला व राज्य से आने वाले मूसाफिरों को चेक किया गया। बालोद शहर के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को चेक किया गया। कानून उल्लंघन करने वाले संदेहीयों, निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में कुल 56 अधिकारी, जवान सम्मिलित थे। कॉम्बिंग गश्त के दौरान बालोद शहर के विभिन्न हॉटल, लॉज–भगवती लॉज, मंगलम् लॉज, अरविंदो लॉज, भावेष लॉज, रैन बसेरा आदि एवं बस स्टैण्ड की सघन चेंकिग कर वहां के रजिस्टर के अनुसार रूकने वाले लोगों को तस्दीक कर उनका पहचान पत्र चेक किया गया। व्यापार के लिए दीगर राज्य व अन्य जिलों से आने वाले लोगों को थाने के मुसाफिरी रजिस्टर से मिलान किया गया, जो लोग हाल ही में आये है उन्हें थाने लाकर उनका मुसाफिरी नोट किया गया। साथ ही शांति से रहने एवं किसी प्रकार से कानून का उल्लंघन न करने की हिदायत दी। बालोद के अटल आवास, जवाहर पारा, खाल्हे पारा, नया पारा क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त कर सघन चेकिंग की गई।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

# समाज के लोगों में अच्छी सोच होने से आएंगे सकारात्मक परिणाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- सांसद प्रतिनिधि ने बच्चों को वितरित किए फल

शासकीय प्राथमिक शाला सुरपा में प्रबंध समिति एवं प्रबुद्ध वर्ग की विचार मंथन बैठक आयोजित हुआ। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र धरमगुड़ी ने अपना जन्मदिवस शुक्रवार को स्कूल बच्चों के बीच मनाते हुए सभी विद्यार्थियो को क्रमबद्ध बैठाकर पूर्ण सम्मान के साथ फल फ्रूट वितरित किए। बच्चों ने नरेंद्र भैया को शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद भी लिए।

प्रधानपाठक दुलेश्वर टंडन ने नरेंद्र धरमगुड़ी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में अच्छी सोच होने से परिणाम सकारात्मक आता है। सांसद प्रतिनिधि ने फल अपने हाथों से बच्चों सहित आगंतुकों व स्टाफ को वितरित किए और बड़ों से आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सुरपा मे पालक संघ का बैठक में प्राथमिक शाला से दुलेश्वर टंडन प्रधान पाठक, मनोज कुमार ठाकुर संकुल समन्वयक सुरपा, ममता साहू टामनी चंद्रवंशी पूर्व माध्यमिक शाला के एल साहू प्रधानपाठक, मुकेश कुमार साहू ओम प्रकाश सोनवानी सुश्री सुरेखा गुप्ता हाई स्कूल सुरपा राजेंद्र कुमार वर्मा, प्राचार्य सरोजदेवांगन बबीता सोनवानी,सरिता झा रवींद्र बघेल एवं जनप्रतिनिधि श्रीमती रेखा सरोज साहब सरपंच ग्राम पंचायत सुरपा प्रमोद जैन हाई स्कूल सुरपा, देवानंद देवांगन सांसद प्रतिनिधि रूपचंद देवांगन विधायक प्रतिनिधि संतोष देवांगन विधायक प्रतिनिधि लोकेश्वर प्रसाद निर्मलकर अध्यक्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक सुरपा, सांसद प्रतिनिधि किशोर सेन, हरिहर प्रसाद यादव अध्यक्ष प्राथमिक शाला सुरपा, नरेंद्र कुमार धरमगुड़ी सांसद प्रतिनिधि शासकीय प्राथमिक शाला सुरपा, एवं पालक गण डोमन लाल धीवर, रिगेश्वर , गिरधर यादव, सरोज बाई, तोरण लाल , श्रवण ठाकुर, कैलाश देवांगन बैठक में शामिल हुए।

#### नरेंद्र संस्कार के प्रेरणा स्त्रोत बने

शासकीय हाईस्कूल अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र धरमगुड़ी ने बच्चों व स्टॉफ सहित समिति के लोगों को जन्म दिवस पर फलफ्रूट वितरित कर संस्कार का प्रेरणादायी संदेश दिए है । माता- पिता संतान को मात्र धनवान बनाकर अपने कर्तव्यों का इतिश्री नहीं करें, बल्कि संतान को संस्कार का अनमोल रत्न से सुसज्जित करें। श्री जैन ने कहा कि संस्कार विरासत में मिलने से संतान माता- पिता का नाम रोशन करेंगे। कुव्यवसनों से बचेंगे और बुढ़ापे का सहारा भी बनेंगे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने जनपद विकास निधि 15 वे वीत्त से आमटी में 5 लाख के भवन निर्माण के लिए पटेल पारा मेला स्थल पर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम साहू पटेल समाज के ग्राम प्रधान कुबेर पटेल, कुमार पटेल, नरेन्द्र पटेल, मानसिग, कल्याण पटेल रोजगार सहायक देव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। पटेल समाज ने आभार व्यक्त किया।

### छात्रों ने जन्मदिन पर स्कूल में साबुन व हैंडवास देने की शुरू की परम्परा



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के प्राथमिक शाला रानीतराई कि में शाला के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों द्वारा एक नई पहल जिसमें स्कूली छात्रों द्वारा अपने जन्मदिन पर एक साबुन या हैण्डवास दान स्वरूप देने की एक नई परम्परा की शुरुआत की गई। प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने बताया कि इस नई पहल से स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिलेगी। बच्चे उस हैण्डवास का उपयोग खाना खाने के पहले हाथ धोने में करते हैं, जिससे एक कदम स्वच्छता की ओर का सपना साकार होगा और बच्चे स्वस्थ रहेंगे। शाला में लगातार स्वच्छ आदतों के विकास के लिए ध्यान दिया जा रहा है, प्रत्येक शनिवार को नाखून एवं दांतों की जांच की जाती है, ताकि बच्चों में स्वस्थ जीवन जीने की शैली का विकास हो सके। शाला प्रबंधन समिति ने भी ऐसे नई पहल पर खुशी जाहिर की है।

### केन्द्र सरकार की नीति का पालन करें राज्य सरकार- फेडरेशन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश



शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू एवं प्रेमसिंह कोलियारे, प्रमोद वाजपेयी, तामेश्वर कौशल, जयसिंह भारतद्वाज, गिरीशदेवांगन, डी.डी.साहू, मनसुखदास साहू, भुधर जोशी का कहना है कि अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (AICPIN) के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष के 1 जनवरी एवं 1 जुलाई के स्थिति में कर्मचारियों तथा पेंशनरों को महंगाई भत्ता तथा महंगाई राहत में वृद्धि किया जाता है। राज्य सरकार को भी इस नीति का पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2019 से 1 जुलाई 2024 तक केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के समान, राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा महंगाई राहत नहीं दिया जा रहा है। जोकि केन्द्र सरकार की नीति के अनुसार नहीं है।

# विधायक ने किया 1 करोड़ 9 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज:बालोद/सिकोसा

शरद पूर्णिमा पर विधायक कुंवर सिंह निषाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेण्ड्री एवं अचौद में ग्राम वासियों द्वारा आयोजित लोक कला महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्राम पेण्ड्री में लगभग 1 करोड़ 9 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। विधायक कुंवर सिंह निशाद ने कहा कि गांव में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। इस लोक महोत्सव में आए कलाकारों ने अपनी कला की छठा बिखेरी। इस तरह की परंपराओं को जीवित रखना जरूरी है, ताकि आज की युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को जानने व समझने का मौका मिले।

ऐसे कार्यक्रम से लोगों को अपने धर्म और संस्कृति के प्रति झुकाव बढ़ता है। विधायक ने लोकार्पण एवं भूमि पूजन करते हुए कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है, इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाएं जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में किसानों को आर्थिक मजबूती देने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है। कांग्रेस ने कभी झूठ और धर्म का सहारा नहीं लिया।

**लोक महोत्सव में आए कलाकारों ने अपनी कला की बिखेरी छंटा**



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंडी बोर्ड अध्यक्ष जिला बालोद भोलाराम देशमुख, सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही सुचित्र हेमंत साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस गुंडरदेही भोजराज साहू, जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर, तरुण साहू, रामेश्वर चंद्राकर, सागर साहू, गोपी राम साहू, उत्तरा बसंत चंद्राकर सरपंच, माखनलाल ठाकुर, मनीष सार्वा, सोमू ठाकुर, राकेश साहू, कामता ठाकुर, गिरधारी साहू, देव कुमार साहू, टिकेंद्र कलिहारी, छन्नू साहू सहित ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

**आयोजन:** 120 ग्राम पंचायत के स्वच्छाग्राही व सचिवों की हुई समीक्षा

# लोगों के व्यवहार में आ रहा परिवर्तन हर गांव अब सुंदर व स्वच्छ होने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के 120 ग्राम पंचायत के सचिव व स्वच्छाग्रही समूह के अध्यक्ष तथा सचिवों की समीक्षा बैठक जनपद पंचायत संसाधन केंद्र में सीईओ रोशनी भगत टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें 60 ग्राम पंचायत की बैठक सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम पाली में व 60 ग्राम पंचायत की बैठक दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक द्वितीय पाली में हुई। व्यवहार परिवर्तन की दिशा में विशेष जागरुकता अभियान जारी है। हर गांव अब स्वच्छ व सुन्दर दिखने लगा है।

■ स्वच्छाग्रही महिला समूह को दीपावली पूर्व अक्टूबर माह तक मानदेय दें: सीईओ

सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने बारी बारी से ग्राम पंचायत सचिव व स्वच्छाग्रही समूह की कार्यों की जानकारी ली। गार्बेज रिक्शा से कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छाग्रही महिला समूह को दीपावली पूर्व अक्टूबर माह तक मानदेय का भुगतान करने निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत सिवनी के सचिव सुभाष ओटी ने एक वर्ष तक ग्रामीणों से यूजर चार्ज जमा कराने में सफलता हासिल किया है, जिसके लिए ताली बजा कर सम्मान किया गया। सभी सचिवों को इसी तरह मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक या वार्षिक यूजर चार्ज लेने निर्देशित किया गया। अधिकतर ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों द्वारा यूजर चार्ज दिया जा रहा है। शेष ग्राम पंचायतों में स्वच्छाग्रहियों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाकर यूजर चार्ज देने प्रेरित करने कहा गया। जहां- जहां सुरक्षा सामग्री की खरीदी नहीं की गई है वे ग्राम पंचायत सचिव नियमानुसार खरीदी कर सूची अनुसार सुरक्षा सामग्री स्वच्छाग्रहियों को अतिशीघ्र प्रदान कर दें। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने स्वच्छता सामुदायिक श्रमदान पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छाग्रहियों के साथ ग्रामीणों को श्रमदान में शामिल करें। जिससे ग्राम हमेशा स्वच्छ व सुन्दर रहेगा। स्वच्छाग्रहियों की पंजी संधारण को देखकर सीईओ ने प्रसन्नता जाहिर किया। अब नियमित मासिक समीक्षा बैठक होगी जिससे स्वच्छता गतिविधियों पर विशेष फोकस होगा। डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने के लिये स्वच्छाग्रहियों का चयन ग्राम पंचायत द्वारा किया गया है। यदि उन्हें नाली सफाई या अन्य कार्य कराया जाता है तो उसकी विधिवत पृथक से मजदूरी भुगतान किया जाना चाहिए।



**महिला समूहों का कार्य प्रशंसनीय :** डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य कर रही महिला समूह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि स्वच्छाग्रही समूह का कार्य प्रशंसनीय है। इनके द्वारा सप्ताह में दो दिन चाहे बारिश हो, चाहे त्योहार हो, गार्बेज रिक्शा लेकर गांव की गलियों में अलसुबह निकल जाती है। जिला व जनपद पंचायत के उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान तेजी से चल रहा है।

# मंत्री साव से पार्षद माया जयेश ने मुलाकात की



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय नगर पंचायत डौंडी लोहारा के विकास के लिए उपमुख्यमंत्री एवम नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा वार्ड क्रमांक 06 के लिए स्वीकृत किए गए निर्माण कार्यों में कंपलीट सेटअप पाइपलाइन एवं ट्यूबवेल टैंक स्थापना कार्य एवं स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य के लिए दिए गए स्वीकृति आदेश के लिए नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया जयेश ठाकुर ने आभार व्यक्त किया है। साथ ही भाजपा संगठन के जिले के मुखिया जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू सहित अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए भी आभार व्यक्त किया है।

पार्षद माया जयेश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर डौंडी लोहारा नगर पंचायत को निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त हुए स्वीकृति आदेशों के लिए आभार व्यक्त किया है तथा डौंडी लोहारा नगर के विकास के लिए कुछ मांगो से संबंधित आवेदन देकर स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।माया जयेश ठाकुर ने बताया कि नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने आश्वस्त किया है कि नगर विकास के लिए राशि की कमी नहीं होने दिया जाएगा। नगर विकास के लिए प्राप्त आवेदनों पर भी सद्भावना पूर्वक विचार किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार स्वीकृति भी प्रदान किया जाएगा। 15 वे वित्त आयोग मद से डौंडी लोहारा नगर पंचायत के अनेक वार्डो के विकास के लिए लगभग 80-90 लाख रुपयों की स्वीकृति प्रदान किया गया था और अभी हाल ही में नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान किया गया है।

# राजस्थान में बिखरी छत्तीसगढ़ की संस्कृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विभिन्न राज्यों के मध्य केंद्रीय सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (CCRT) नईदिल्ली के निर्देशानुसार CCRT उदयपुर राजस्थान में विभिन्न राज्यों से लगभग 78 शिक्षकों का विद्यालयीन शिक्षा में हस्तकला का प्रशिक्षण 16 से 25 अक्टूबर तक आयोजित है। जिसका प्रमुख उद्देश्य अपनी क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देना एवं विभिन्न कौशल को विद्यालयीन शिक्षा से जोड़ना है। प्रशिक्षण में एक दिन अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करना होता है। इसमें छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षकों ने छत्तीसगढ़ राजगीत से प्रारंभ करके परिचय के साथ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाएं, बस्तर आर्ट, मंदिर, प्लांट्स, विश्वविद्यालय, फसलें, खानपान इत्यादि के बारे मे प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किए। साथ ही छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम सुआ, गौरी गौरा गीत राउत नाचा की प्रस्तुति दिए। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ से 10 शिक्षक प्रशिक्षित हो रहे हैं। जिसमें बालोद जिला से व्याख्याता भूपेंद्र कुमार पटेल उ मा विद्यालय डौंडीलोहारा से, दुष्यंत कुमार छावला राजनांदगांव, पवन साहू बेमेतरा, दुर्गेश्वरी पटेल बस्तर, कामिनी साहू रायपुर, सीमा हरदेल रायपुर, प्रकाश धमतरी, रजनी पांडे गरियाबंद, बसंती मेम दुर्ग, निरंजना ठाकुर कवर्धा से शामिल हुए।

# एफएलएन जोन स्तरीय समीक्षा बैठक में 39 शिक्षक शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



जिले के सरकारी स्कूलों में बुनियादी शिक्षा के तहत न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत एफएलएन के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन लगातार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को एफएलएन से संबंधित कक्षा 1 से 3 पढ़ाने वाले शिक्षकों की भाठागांव आर में जोन स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया, समीक्षा बैठक में भाठागांव जोन के अंतर्गत 7 संकुल भाठागांव आर अचौद, मोखा, डोंगीतराई, तवेरा, राहुद और तमोरा के 39 शिक्षक शामिल हुए। बैठक में ब्लाक के डीआरजी भूषण साहू द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे पाठयपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका के उपयोग पर चर्चा की साथ ही कक्षा में प्रिंट रिच वातावरण, मुस्कान पुस्तकालय, संकुल समन्वयकों द्वारा कक्षा अवलोकन के अनुभव पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों को अपने कक्षा शिक्षण के अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। बैठक में आगामी एजेंडा के लिए ब्लॉक अकादमिक श्रवण पांडेय द्वारा भाषा में उच्च स्तरीय कौशल का विकास तथा गणित में स्थानीयमान की समझ को बढ़ाने वाले जैसे बिंदुओं पर चर्चा किया गया जिसमें आगामी माह के लिए मुख्य योजना तय की गई। जिसमें भाषा में पाठ योजना के पाठों में उच्च स्तरीय चिंतन वाले प्रश्नों को कक्षा कक्ष में रखेंगे, गणित में स्थानीयमान की समझ को विकसित करने वाले गतिविधियों को शामिल करेंगे, साप्ताहिक आंकलन अनुसार समुह में बच्चों के साथ कार्य किया जाएगा।

उच्च स्तरीय चिंतन वाले प्रश्न कैसे करें जिसका डेमो किया गया। इस समीक्षा बैठक में संकुल भाठागांव आर के संकुल समन्वयक जितेंद्र कुमार साहू, मोखा संकुल से कृष्ण कुमार सिन्हा, अचौद संकुल से देवेंद्र कुमार ठाकुर शामिल रहे हैं। साथ ही शिक्षकों को आगामी दिनों में एफएलएन के अन्तर्गत कार्य करने प्रोत्साहित किए।

### कुश्ती प्रतियोगिता के लिए आरती का चयन



**गुरूर।** 68 शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुश्ती फ्री स्टाईल बालिका वर्ग प्रतियोगिता में मेरठ उत्तर प्रदेश के लिए आरती का चयन हुआ है। 18 से 20 अक्टूबर तक जांजगीर– चापा में कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर की कक्षा 12वीं की छात्र आरती निर्मलकर का चयन हुआ। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य बीपी यादव ने खेल प्रभारी नीलम साहू सहित चयनित छात्र के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

# रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में जनजातीय गौरव माह कार्यक्रम के अन्तर्गत 18 अक्टूबर को 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत-ऐतिहासिक सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान' विषय पर प्रोजेक्टर के माध्यम से वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र का प्रदर्शन किया गया।

तत्पश्चात इससे संबंधित प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बीए द्वितीय से वेदप्रकाश ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम सेमेस्टर योगिता ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान बी एससी प्रथम सेमेस्टर से चेतना कंवर, लक्ष्मी सिन्हा, मोहित कुमार, बीए तृतीय तेजराम निर्मलकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य राजू लाल कोसरे, कार्यक्रम के संयोजक नेहा ध्रुवे, सह संयोजक नंदकिशोर सिन्हा एवं समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



### पावर हाउस फल मंडी में लगी आग

**भिलाई।** भिलाई में पावर हाउस फल मार्केट में बुधवार की रात आग लग गई। जिससे दो फल दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बिजली खंभे में शॉर्ट सर्किट वजह बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आग लगने पर पहले बुझाने में व्यापारी जुट गए। सीज फायर एक्सटेंशन का भी इस्तेमाल किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। दमकल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने एक दमकल गाड़ी पानी का उपयोग कर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**कटाई के लिए मजदूर के अलावा हार्वेस्टर का ले रहें सहारा**

# अंचल में हरहुना किस्म के धान की कटाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में हरुना किस्म के धान कि कटाई जोरों पर है। जिसके चलते किसान खेतों में मजदूर, हार्वेस्टर और थ्रेशर के माध्यम से कटाई व मिजाई कराने में जुटे हुए है। लेकिन मौसम के बदलते मिजाज को देख किसान चिंतित नजर आ रहें है। जिले के अधिकांश किसान हरुणा धान कि कटाई व मिजाई में जुटे हुए है जो धान कि कटाई व मिजाई के लिए मजदूर के अलावा हार्वेस्टर और थ्रेशर का सहारा ले रहें है। जिससे जल्द ही धान को सुरक्षित घरों पर रखा जा सकें। वहीं हार्वेस्टर और थ्रेशर वाहन भी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है जिसके कारण किसान परेशान हैं। क्योंकि खेतों में नमी बरकरार है जिसके कारण हार्वेस्टर व थ्रेशर का खेतों में चल पाना मुश्किल साबित हो रहा है हालांकि कि भर्री या पठार क्षेत्र में लगे धान को आसानी से कांटा जा रहा है।

#### हार्वेस्टर का प्रति घंटा किराया 2500 से 3000 रुपए

वर्तमान में ट्रेक्टर व थ्रेशर के माध्यम से धान मिजाई का प्रति घंटे का दर 1300 रूपये का लिया जा रहा है, वहीं हार्वेस्टर चौन वाले का प्रति घंटे का दर 3000 से 3500 रूपये वसूल किया जा रहा है, वहीं बड़े हार्वेस्टर का चार्ज प्रति एकड़ 2500 से 3000 रूपये वसूल किया जा रहा है। जबकि महिला मजदूरी धान कटाई 150 रूपये तथा पुरुष मजदूर 250 रूपये बीड़ा बांधने व धुलाने का दिया जा रहा है।

#### काले बादल मंडराने से किसान चिंतित

ग्राम नारागांव, बड़भूम, पेटेचुवा, नगझर सहित विभिन्न ग्रामीण अंचलो में दोपहर को हल्की बूंदा बांदी का असर देखने को मिला जिसके कारण किसान चिंतित नजर आ रहें है क्योंकि अधिकांश हरुणा किस्म के धान खेतों में कटाई के बाद रखें हुए है जो बारिश की चपेट में आने से बर्बाद हो सकतें है। किसान पेटेचुवा निवासी नागेश सलाम ने बताया कि बड़भूम, पेटेचुवा के जायदातर किसान हरुणा किस्म के धान लगाते है जिसकी कटाई लगभग 40 प्रतिशत हो चुकी है। वहीं आसमान में काले बादल मंडराने के साथ ही दोपहर में हल्की बूंदा बांदी का असर देखने को मिला है जो धान कि फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है इसलिए मौसम खराब होने से किसानों को फसल बर्बाद होने का डर सताने लगा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411